KRISHI VIGYAN KENDRA, DHOLPUR
(SRI KARN NARENDRA AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER)
RIICO INDUSTRIAL AREA, ONDELA ROAD, DHOLPUR
RAJASTHAN – 328001 Phone – 05642-240457

भाकृअनुप
ICAR

Dr. Navab Singh
Senior Scientist and Head

(M) 9414544054 (P)
Email-pc.kvk.dholpur@sknau.ac.in

No.F. (Accts.)SKNAU/KVKDholpur/2024/5067 Date: 12-12-2024

खुली नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केंद्र, धौलपुर फार्म पर वर्ष 2024–25 के लिए केंद्र पर उद्यान यूनिट के पेंड़ जिसमें बेर–28 पेड़ और आंवला–20 पेड़ों के फलों की खुली बोली द्वारा नीलामी की जावेगी। अतः इच्छुक व्यक्ति दिनांक 21.12.2024 को दोपहर 1:00 बजे फार्म पर उपस्थित होकर मौके पर बोली लगा सकते हैं। बोली में सम्मिलित होने के लिए 4000/– रू. का डी.डी./बैंकर्स चैक/नगद जमा कर कृषि विज्ञान केंद्र, धौलपुर के नाम बनवाकर नीलामी में भाग ले सकते हैं। खुली नीलामी सूचना को सम्पूर्ण अथवा किसी भाग को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

केंद्र पर उद्यान की यूनिट में फलदार पौधे हेतु खुली नीलामी की शर्तें निम्न प्रकार हैं :–

1. समस्त शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं हस्ताक्षर करें।
2. ये ठेका 31.03.2025 या वर्ष 2024–25 के फलों की समाप्ति तक मान्य होगा।
3. स्वीकृत निविदादाता को सिंचाई संबंधी पम्पेसैट, पाईप व अन्य सामान गिनकर लिखित में प्राप्त करना होगा व गिनकर वापस जमा करना होगा व जिसकी चौकीदारी स्वयं ठेकेदार को ही करनी होगी।
4. बगीचा में लगे फल देने वाले पौधों में (आंवला व बेर) निराई, गुडाई, थांवले बनाना, सिंचाई व खाद उर्वरक डालने का कार्य स्वयं ठेकेदार को करना होगा।
5. बगीचा में लगे फल देने वाले पौधों (आंवला व बेर) की नीलामी उच्चतम बोलीदाता को ही दी जायेगी।
6. केंद्र पर बाग यूनिट में कोई भी अन्य कार्य यूनिट प्रभारी एवं अद्योहस्ताक्षकरकर्ता की अनुमति के बगैर नहीं किया जावेगा।
7. निराई, गुडाई, कटाई, दवाओं का छिड़काव/भुरकाव व अन्य संबंधित कार्य मौसम की स्थिति को देखते हुए निविदादाता को कराना होगा। प्रतिकूल मौसम होने पर कार्य रोके जाने अथवा जारी रखने व परिस्थिति अनुसार निर्णय लेने का अधिकार उद्यान यूनिट प्रभारी को होगा।
8. फल उत्पादन में लगने वाले समस्त मजदूरी की व्यवस्था स्वयं ठेकेदार की होगी।
9. श्रमिक क्षति होने की संपूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
10. किसी भी प्रकार के विवाद के निपटारे हेतु विवाद कुलपति महोदय, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, जयपुर के आर्बीटेशन में प्रस्तुत करना होगा एवं उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।
11. किसी भी निविदा का बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।
12. बगीचा को आवश्यकता अनुसार केंद्र द्वारा जुताई करा दी जावेगी। केंद्र ट्रेक्टर डीजल सहित उपलब्ध करायेगा।
13. बगीचा के पौधों के फलों की सरकारी बोली रू. 10000/– है। असफल बोलीदाता की राशि खुली नीलामी पूर्ण होने पर वापिस कर दी जावेगी। सफल निविदादाता की धरोहर राशि को मूल राशि में समायोजित नहीं किया जावेगा। यह राशि फल समाप्ति के बाद लौटाई जावेगी। इस राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। अन्तिम बोली की संपूर्ण राशि बोली दिनांक के एक सप्ताह में जमा करानी होगी।
14. निविदादाता के मजदूर व स्वयं फार्म पर मदिरा व अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन नहीं करेंगे और न ही किसी अन्य को करने देंगे।

15. कोरोना महामारी (कोविड–19) के संबंध में भारत/राजस्थान सरकार द्वारा समय–समय पर जारी होने वाले समस्त दिशा–निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
16. बगीचा में लगे फलदार के सभी पौधों में दवाई छिड़काव का कार्य केंद्र के ट्रेक्टर द्वारा कार्यालय के डीजल से आवश्यकतानुसार समय–समय पर करवा दिया जावेगा।
17. बगीचा में लगे फल देने वाले पेड़–पौधों में (आंवला व बेर) खाद व उर्वरक केंद्र द्वारा आवश्यकतानुसार उपलब्ध करा दिया जावेगा व उक्त कार्य में लगने वाले श्रमिक स्वयं निविदादाता को लगाने होंगे।
18. आंवला एवं बेर फल बगीचों की संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
19. मैं निविदा की समस्त शर्तों से सहमत हूं तथा मैं उपरोक्त शर्तों पर कार्य करने के लिए तैयार हूं।

कृषि वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan Kendra
Dholpur

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित है:–

1. श्रीमान् निदेशक महोदय, प्रसार शिक्षा निदेशालय, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
2. श्रीमान् वित्त नियंत्रक महोदय, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
3. प्रभारी, सिमका, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sknau.ac.in पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. कमेटी कन्वीनर/सदस्य/लेखाशाखा...
5. श्रीमान् डीन, कृषि महाविद्यालय, बसेड़ी धौलपुर के सूचना पट्ट।
6. पंचायत समिति कार्यालय, धौलपुर के सूचना पट्ट।
7. रक्षित पत्रावली।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केंद्र, धौलपुर
Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan Kendra
Dholpur